एक और अत्यन्त आवश्यक बात की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं । आप को पता है कि एन० टी० सी० मिल के संबंध में हमारे देश की नेता और प्रधान मंत्री का यह निर्णय था कि गरीब लोगों के लिये इसके अन्दर सस्ते दर पर कपड़ा बनाया जायगा और सस्ते दर पर वितरण किया जायेगा । उस का वितरण कन्ज्यूमर कोआपरेटिव सोसाइटी के जरिये किया जायगा । हिन्दुस्तान में कन्ज्यमर कोआपरेटिव मूवमेंट काफी आगे बढ़ रहा है और बड़ी भारी संख्या में, लाखों से ऊपर की संख्या में लोग ग्राम स्तर से लेकर ऊपर तक कन्ज्यूमर कोआपरेटिव सोसाइटी में काम कर रह हैं । लगभग 100 करोड़ रुपये का कपड़ा एन०टी०सी०बनाती थी और सस्ते दर पर गरीब भाईयों में इन कोआपरेटिव सोसाइटियों के जरिये उस का वितरण होता था । भारत सरकार की सब्सीडी थी लेकिन 6 महीने पहले एकाएक लगभग ढाई सौ परसेंट दाम बढ़ा दिये गये जिसका परिणाम यह है कि आज बाजार में एन टी सी०का कपड़ा मंहगा है और प्राइवेट टेक्सटाइल फैक्टरीज का कपड़ा सस्ता है । मैं मंत्री जी से मांग करूंगा कि वे सिविल सप्लाइज के भी मंत्री हैं और सिविल सप्लाइज में यह आइटम आता है तथा कोआपरेटिव से यह वाइटली संबंधित है, अतः व इस पर पुनर्विचार करें तथा इर्रेशनल ढग से जो कंट्रोलल्ड क्लाथ के दाम बढ़ा दिये गये हैं उनमें सुधार लाय ताकि गरीबों को यह उपलब्ध हो सके ।

श्री सूर्य नारायण सिंह (बलिया) : उपाध्यक्ष महोदय, कृषि के क्षेत्र में इस सरकार ने जिन नीतियों को चलाने का प्रयास किया है उसका लाजमी नतीजा यह निकला है कि कृषि की पैदावार में गतिरोध की स्थिति पैदा हो गई है । 1978–79 में 131.90 मिलियन टन खाद्यान्न पैदा हुआ । 1979–80 में 109.70 मिलियन टन खाद्यान्न पैदा हुआ । 1980–81 में 129.87 मिलियन टन अनाज पैदा हुआ ।

[श्री सूर्य नारायण सिंह]

1981–82 का जो लक्ष्य रखा गया है वह पूरा होने वाला नहीं है । अनुमान है 5 मिलियन टन का शार्ट-फाल होगा । इसके परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति खाद्यान्न की उपलब्धता घटटी चली गई है । 1979 में 435.4 ग्राम से घटकर 420.4 ग्राम की उपलब्धता रह गई । इसी तरह से दलहन के मामले में 1979 में 44.9 ग्राम से 1981–82 में 39.1 ग्राम की उपलब्धता प्रति व्यक्ति रह गई । यह स्थति गतिरोध की चल रही है ।

एक तरफ सरकार पैदावार बढ़ाने की बात करती है । सरकार ने घोषणा की है कि वह 1982 को प्रोडक्टिविटी ईयर के रूप में मनाने जा रही है लेकिन प्रोडक्शन बढ़ाने के सिलसिले में सरकार की नीति क्या है ? आप जानते हैं कि पिछले साल लगातार पूरे देश के पैमाने पर किसानों की ओर से शोर मचाया गया और उन्होंने मांग की कि गेहूं की कीमत बढ़ाई जाय लेकिन सरकार ने 135 रुपये प्रति क्विंटल कीमत निर्धारित की । परिणामस्वरूप सरकार ने जो उगाही का लक्ष्य रखा था वह पूरा नहीं हो सका क्योंकि सरकार ने कीमत कम रखी थी और किसानों को घाटा हो रहा था । उसके बाद सरकार की ओर से 15 लाख टन गेहूं का आयात किया गया । आपको यह सुनकर हैरानी होगी कि सरकार को उस आयात पर 99 करोड़ का अतिरिक्त खर्चा करना पड़ा । अगर देश में ही गेहूं का दाम 135 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये क्विंटल कर दिया जाता तो उसमें केवल 18 करोड़ का ही अतिरिक्त खर्चा सरकार को करना पड़ता और किसान खुशी से सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर देते तथा विश्व की बाजारों पर हमारी निर्भरता भी कम होती । साथ-साथ हमारे देश के किसानों को पैदावार बढ़ाने के लिये प्रोत्साहन भी मिलता ।

एक तरफ तो कृषि के लिये फर्टिलाइजर तथा दूसरे इनपुटस की कीमत लगातार बढ़ती गई हैं । आप देखेंगे कि 1979 में यूरिया के दाम 1450 रुपये प्रति टन से बढ़कर 1981 में 2350 रुपये हो गये हैं । इसी प्रकार से किरोसिन, डीजल तथा अन्य इनपुट्स के दाम भी बढ़ाये गये हैं । खेती के इनपुट्स के दाम तो 62 प्रतिशत बढ़े हैं लेकिन धान और गहूं के दामों में सरकार ने केवल दस परसेंट का ही इजाफा किया है । इस प्रकार से किसानों को अपार क्षति का सामना करना पड़ा है ।

आप कहते हैं कि हम पैदावार बढ़ाएंगे पैदावार बढ़ाने के लिए अगर इनपुट्स के दामों को कम नहीं किया गया और उस को उस स्तर तक नहीं गिराया गया जिस पर आसानी से लोग खरीद सकें और किसानों को उन की फसल का लाभकारी दाम अगर नहीं मिला, तो आप का जो मंसूबा कृषि की पैदावार बढ़ाने का है, वह कभी पूरा नहीं हो सकता । आप ने इस बात की घोषणा की थी कि कृषि की पैदावार को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर सिंचाई की योजनाओं का विस्तार किया जाएगा, लेकिन आज स्थिति क्या है कि विस्तार करने की बात तो अलग रही, अभी जो सिंचाई की क्षमता है, उस का उपयोग किस रूप में हो रहा है, यह आप जानते हैं । बिहार में सिंचाई की जो योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं और जो बड़े पैमाने पर ट्यूबवेल्स लगाए गये हैं, उन की स्थिति क्या है ? उन की स्थिति यह है कि भ्रष्टाचार की वजह से जो ट्यूबवेल्स लगाए गए हैं, उन के नालों का विस्तार नहीं हो सका है । ठेकेदारों और अफ़सरों, इन दोनों के भ्रष्टाचार से कमांड एरिया में जितनी सिंचाई हो सकती है, उस क्षमता का भी उपयोग नहीं हो सका है ।

बाढ़ से सुरक्षा के नाम पर गंगा, गंडक और बलान में आप ने बांध लगाए हैं लेकिन पानी के निकासी के जो प्राकृतिक

स्रोत थे, वे रास्ते अवरुद्ध हो गये हैं और आप ने पानी के निकासी का कोई इन्तज़ाम नहीं किया है । बिहार में सिर्फ एक जिला बेगूसराय के बारे में मैं कह सकता हू कि पचासों हज़ार एकड जमीन में जल जमाव की वजह से फ़सलें बरबाद हो जाती हैं । आप सिचाई की सुविधाए देने की बात करते हैं लेकिन पानी के निकासी का इन्तज़ाम नहीं करते । सिचाई की सुविधाए दे कर आप खेतो की पैदावार बढ़ाना चाहते हैं मगर वास्तविकता दूसरी है, तस्वीर दूसरी है और नतीजा यह है कि पैदावार का निरन्तर ह्रास हो रहा है और आप पैदावार के लक्ष्य किसी भी कीमत पर एचीव नहीं कर सकते ।

देहाती की क्या स्थिति है, ग्रामीण जीवन की क्या वास्तविकता है ? कितने दिन हो गये कि आप ने लैंड रिफार्म्स के कानून बनाए, लैण्ड सीलिंग के कानून बनाए मगर कितनी जमीन आप ने अभी तक बांटी है । मात्र 18 लाख एकड जमीन बांटी है जब कि नेशनल सैम्पिल सर्वे के अनुसार 215 लाख एकड़ सरप्लस जमीन है । इस जमीन का अभी तक बटवारा नहीं हुआ । आज ऐसे अनेक क्षेत्र हैं, जिन के लिए आप कानून के अन्तर्गत कोई ऐसी व्यवस्था नहीं कर सके, जिस से दृढ़ता के साथ वह कानून लागू किया जा सकता । आप ऐसे अफ़सरों का मुहय्या नहीं कर सके, जो प्रतिबद्ध हों लैण्ड रिफार्म्स लागू करने के लिए । आज तो हालत यह है कि कानून के अलमबरदार या पुलिस प्रशासन कुछ नहीं कर सका जब कि हज़ारों हज़ार शेयर-कौपर्स की बेदखल कर दिया गया । बेदखली पर रोक लगाने के लिए आप सक्षम कानून बना सकते थे । आज ऐसे कानून का नितान्त अभाव है । जो कानून बनाए हैं, वे किस की मदद से लागू होंगे ? वे इन्हीं लोगों की मदद से लागू होंगे लेकिन आप यह देखें कि बड़े पैमाने पर बेदखलियां हुई हैं और पुलिस प्रशासन, जिसकी जिम्मेदारी थी बेदखली रोकने की, आज वह खुल्लम-खुल्ला भुस्वामियों की मदद कर रहा है। मैं आपका एक इस्टांस इस सिलसिले में देना चाहता हू ।

हमारे बिहार में खगरिया जिले में माहनपुर पंचायत के अग्रहन ग्राम में बटाईदारों को जमीन के पर्चे मिले और वे जमीनों पर बेदखली रोकने के लिए गये, तो पुलिस जो उन की जमीनों पर खड़ी थी, वह इसलिए नहीं खड़ी थी कि बटाईदारों को कैसे सुरक्षा प्रदान की जाए बल्कि वह उन लोगों की मदद के लिए थी जो बटाईदारों को जमीनों से बेदखल करना चाहते थे और बटाईदारों का नेता मेदनी शाह को जमींदारों के गुंडों ने नहीं पीटा बल्कि पुलिस ने लगातार उस पर लाठियों की वर्षा की और पुलिस की लाठियों से चोट खाकर जमीन पर तड़पता रहा और तकलीफ़देह बात तो यह है कि उस की पत्नी वहां खड़ी थी और वह देख रही थी कि उस के पति की हत्या किस तरह की जा रही है । यह है आप का पुलिस प्रशासन और आप के प्रतिबद्ध अफ़सर, जिनके द्वारा आप लैंड रिफार्म्स के कानूनों को लागू करवाना चाहते हैं । अभी कुछ दिन पहले, उसी पंचायत में एक घटना और घटी । एक हरिजन लड़की, जिस की उम्र 18–20 साल रही होगी, आप को मालूम होगा कि उस के साथ क्या हुआ । वे लोग जो जमीन की बेदखली करने वाले लठैत थे, उन्होंने उस के साथ बलात्कार किया और उसकी हत्या कर डाली उसकी जमीन पर और जिस दारोगा ने मेदनी शाह की हत्या की थी और जन-आक्रोश ने संगठित रूप जब धारण किया था, तो उस दारोगा को वहां से हटाया गया था लेकिन पालीटीकल प्रोटेक्शन और पालीटीकल

[श्री सूर्य नारायण सिंह]

इण्टरफियरेन्स की वजह से उस दारोगा का उसी जगह पर पदस्थापन कर दिया गया, उस को उसी थाने में वापस बुला लिया गया। वहां पर ऐसा हुआ है और आप हरिजनों के नाम पर आंसू बहाते हैं। मैं पूछना चाहता हूं। भूमि सुधार कानूनों और हरिजनों के नाम की यह सरकार दुहाई देती है। लेकिन आज क्या हो रहा है? हरिजनों के साथ अत्याचार और अत्याचार करने वाले दारोगा को उसी इलाके में स्थापित किया गया है जहां कि किसानों का आन्दोलन जमीन के बंटवारे के लिए हो रहा है।

हमारे सत्तारूढ़ दल के भाई कहते हैं कि विरोधी पक्ष का यह पेशा बन गया है कि वह हर सवाल पर सरकार की आलोचना करे। आप जानते हैं कि गांवों के अन्दर आज क्या स्थिति हो रही है? आज यह स्थिति है कि 35 वर्ष की आजादी के बाद भी भूमि सम्बन्धों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। गांवों के मुट्ठीभर लोग, 10 परसेंट बड़े-बड़े किसान 53.3 परसेंट जमीन को समेटे हुए हैं और वहां का विशाल जनसमुदाय, यानी 60 परसेंट लोगों के पास मुश्किल से 9 फीसदी जमीन होगी। लघु किसान सीमांत किसान जो मेहनत कर के पैदावार बढ़ाना चाहते हैं उनको आपकी योजनाओं का कितना लाभ मिल पाता है, क्या कभी आपने इसको देखा है? इन लघु और सीमांत किसानों को आप सिंचाई और खाद की कितनी सुविधाएं दे पाये हैं? हरित क्रान्ति के नाम पर जो भी आपने खर्च किया है उसका बहुत बड़ा हिस्सा गांव के बड़े बड़े भूस्वामियों ने हड़प लिया है। ऐसी स्थिति में पैदावार बढ़ाने की बात सोची भी नहीं जा सकती।

अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि आप के अधिकारीगण भूमिसुधार कानून लागू करने से इन्कार करते हैं, बटाईदारों को कानूनी संरक्षण देने से इंकार करते हैं, जमींदारों की जमीनों का बंटवारा करने से इंकार करते हैं। छोटे किसान सिंचाई की सुविधाओं से वंचित रहते हैं, और दूसरी सुविधाएं भी उनको नहीं मिल पाती हैं।

आप जानते हैं कि आज औद्योगिक माल की कीमतें बढ़ती जाती हैं जब कि उसी अनुपात में किसानों की पैदावार की कीमत नहीं बढ़ पाती है। इस से उद्योग और कृषि में पैदावार की कीमतों में डिस्पैरिटी बहुत बढ़ गई है। उस डिस्पैरिटी की क्या हालत है? पिछले 4–5 वर्षों में किसानों की 13 हजार 69 करोड़ रुपये की नुकसान हुआ है। आप दावा करते हैं कि आपकी सरकार किसानों की सरकार है और वह किसानों के लिए काम करती है।

हमारे देश का कृषि मुख्य उद्योग है। यह हमारे देश को प्रगति के रास्ते पर बढ़ाने का काम करता है। किन्तु नतीजा क्या हो रहा है? आज सरकार ने ईयर आफ प्रोडक्टिविटी की घोषणा की है, पैदावार बढ़ाने की घोषणा की है, सिंचाई और दूसरे साधनों के प्रसार और फैलाव की घोषणा की है। मैं विनम्र निवेदन करना चाहता हूं कि हमारी निर्भरता विदेशी बाजारों पर घटे और देश में गल्ले की पैदावार बढ़े। हम अपने गल्ले का निर्यात कर सकें और विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकें इसलिए आप लघु और सीमांत किसानों की सभी सहायता दीजिए। उन्हें सिंचाई की, बीज की, ऋण की, खाद की सभी सहायता दीजिए और भूमि सुधार कानूनों का सख्ती से लागू कीजिए। ये कानून जन प्रतिनिधियों की देखरेख में, चुनी हुई समितियों की देखरेख में लागू कीजिए। तभी सही मानों में भूमि का वितरण आप कर सकेंगे। वरना इस से कृषि के विकास को आगे बढ़ाने का सपना

आपका पूरा नहीं होगा और न हमारा देश आगे बढ़ सकेगा ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Every hon. Member shall not take more than 10 minutes and the hon. Minister will have to reply round about 2.30 or 3 P.M. Therefore, please cooperate.

Now, Shri Shailani.

श्री चन्द्रपाल शैलानी (हाथरस) : माननीय उपाध्यक्ष जी, यह कैसी विडम्बना है कि जिन लोगों ने अपनी निजी गाथाएं व्यक्त की हैं उनसे 20, 25 मिनट बुलवाया गया है । मैं इस देश और इस देश की जनता की बात करना चाहता हूं तो आप मुझे सीमा में बांधना चाहते हैं । मैं अपनी निजी बात कहने के लिए नहीं आया हूं । इस देश के किसानों, ग्रामीणों की जो समस्याएं हैं उनसे सम्बन्धित बात करने आया हूं ।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदानों की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं ।

हमारे देश की महान नेता, प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने नए बीस सूत्री कार्यक्रम में ग्रामीण की आकांक्षाओं और आशाओं को नया बल प्रदान किया है और वे उसमें अपने सुनहरे भविष्य के सपने देखने लगे हैं । यह कार्यक्रम हमारे विकास की आधारशिला है ।

श्री मन्, हमारा देश कृषि प्रधान देश है । इस देश में 75 से ले कर 80 फीसदी जनता गांवों में रहती है और किसी न किसी रूप में कृषि पर निर्भर करती है । हमारे यहां भूमिहीनों की ज्वलंत समस्यायें हैं । आज किसान के नाम पर इस देश में ऐसे-ऐसे लोग हैं जिनके पास एक-एक हजार और 5-5 हजार एकड़ भूमि है और ऐसे लोग भी हैं किसान के नाम पर जिनके पास एक इंच जमीन भी नहीं है । जब किसान की बात आती है तो मैं किसान उस व्यक्ति को मानता हूं जो अपने हाथ से खेत में हल चलाता है, जो सर्दियों के कड़े जाड़े में खेत में पानी लगाता है और कड़ी धूप में वहां पर गेहूं से दाना निकालता है, उसको मैं किसान मानता हूं जो परिश्रम करता है ।

इस देश में किसानों की बहुत सी समस्याएं हैं और उन्हें पूरा करने के लिए मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी नेता श्रीमती इंदिरा गांधी ने जो बीस सूत्री कार्यक्रम तैयार किया है, उससे अवश्य राहत मिलेगी ।

13.57 hrs.

[SHRI HARINATH MISRA *in the Chair*]

मान्यवर, इस देश में एक अर्से से भूमि सुधार की मांग चली आ रही है कल-परसों और आज भी अखबारों में निकला है कि योजना आयोग ने इस बात पर बड़ा रोष और क्षोभ प्रकट किया है कि इस देश में जिस तरह से भूमि सुधार होना चाहिए, उस तरह से नहीं हो पा रहा है । योजना आयोग ने बार-बार राज्य सरकारों को निर्देश दिया है कि वह भूमि सुधार करे, लेकिन मुझे अफ़सोस के साथ कहना पड़ रहा है कि योजना आयोग के निर्देश के बावजूद इस देश में भूमि सुधार अभी तक नहीं हो पाया । इसकी वजह यह है कि कहीं-कहीं पर सरकारें बड़े-बड़े जमींदारों, राजा-महाराजाओं और जो हजारों एकड़ भूमि के मालिक हैं, उनके दबाव में है । इस वजह से भूमि सुधार नहीं हो पा रहा है । इसी प्रकार जहां भूमि का आवंटन शेड्यूल कास्ट और शेड्यूल ट्राइब के लोगों को किया गया है, गरीबों और भूमिहीनों को किया गया है, उनको आज तक कब्जा नहीं दिया जा रहा है और पट्टा उनका नहीं दिया जा रहा है । जहां

[श्री चन्द्रपाल शैलानी]

नाममात्र के पट्टे कर दिए गए हैं, लेकिन कब्जा नहीं दिया जा रहा है ।

यहां पर ऊसर और बंजर भूमि का सवाल भी कई बार आया है । मैं अलीगढ़ जिले का रहने वाला हूं । अगर आप कभी रेलगाड़ी से या सड़क से कानपुर की तरफ़ यात्रा करेंगे तो अलीगढ़ से निकलते ही आप पाएगें कि दोनों तरफ़ बेहद ऊसर और बंजर जमीन पड़ी हुई है । हमारे अलीगढ़ जिले में ही 80 हजार एकड़ ऊसर और बंजर भूमि है, जिसका कोई सदुपयोग नहीं हो रहा है और बेकार पड़ी हुई है । अगर उसको उपजाऊ बनाया जाए तो मैं समझता हूं कि इस देश के उत्पादन में काफी वृद्धि होगी । अलीगढ़ से लेकर एटा, मैनपुरी, इटावा, कानपुर आदि जिलों में लाखों हैक्टेयर जमीन ऊसर तथा बंजर पड़ी हुई है । उसको उपजाऊ बनाने के लिए अभी तक कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है ।

मान्यवर, मैं खेतीहर मजदूरों की समस्याओं पर आता हूं । खेतीहर मजदूरों में ज्यादातर अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग हैं। इस देश में अनुसूचित जातियों और जनजातियों पर जुल्म और अत्याचारों की जो भरमार हो रही है, उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि उनके पास जमीन नहीं है । हमारी सरकार चाहती है, उसका इरादा है और हमारी सरकार ने बहुत कुछ किया भी है, लेकिन वहां पर सबल जमींदार और बड़े लोग उनको उस अधिकार से वंचित रखे हुए हैं । अगर उनकी ये समस्यायें हल नहीं हुई तो ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है कि उन में किसी और प्रकार की भावना पैदा हो । खेतीहर मजदूर जो खेत में काम करता है, मेहनत करता है, बच्चों के साथ, स्त्रियों के साथ मिल कर खेत में काम करता है, उनकी समस्याओं को गम्भीरता से लिया जाना चाहिए और उनको हल किया जाना चाहिए ।

14.00 hrs.

सरकार ने किसानों को सुविधायें देने लिए बहुत से उपाय किए हैं, बहुत-सी एंजसियां जुटाई हैं लेकिन वहां पर जिस कद्र भ्रष्टाचार है, जिस तरह से उनकी दुर्दशा होती है उसका एक उदाहरण मैं आपकी सेवा में रखना चाहता हूं । सरकारी ऋण लेने में उसका शोषण किस तरह से किया जाता है इसका एक उदाहरण मैं आपके सामने रखना चाहता हूं । मैं किसान उसको मानता हूं, जैसा मैंने पहले निवेदन किया है, जो अपने हाथ से हल चलाता है, खेत में मेहनत करता है, काम करता है । हमारे देश का दुर्भाग्य यह है कि किसान कर्ज में पैदा होता है और कर्ज में मरता है । श्रीमती इंदिरा गांधी के राज में, शासन काल में, उनकी मेहरबानी से किसान ने कुछ चैन की सांस ली है । लेकिन फ़िर भी उसको अपनी खेतीबाड़ी के लिए, अन्य कामों के लिए साहूकार के पास, महाजन के पास जाना पड़ता है । हालांकि बैंकों ने ऋणों की व्यवस्था की है, ऋणों की सुविधा दी है लेकिन वही एक साधन पर्याप्त नहीं है । बैंकों से ऋण लेने में उनको कितनी मुसीबत का सामना करना पड़ता है इसको भी आप देखें । उसको बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है । जितना ऋण उनको सैंक्शन होता है, उसका कितना भाग उसको मिल पाता है, यह तथ्य मैं आपकी सेवा में रखना चाहता हूं । पम्पिंग सैट, ट्यूबवैल, बैल खरीदने के लिए या और इस तरह का कोई ऋण लेना होता है तो किसान को अपनी जमीन गिरवी रखनी पड़ती है । उसके बाद ऋण प्राप्त करने के लिए उसका चक्कर पर चक्कर लगाने पड़ते हैं ।

बैंकों का परसेंटेज बंधा होता है, पांच, दस बीस और पच्चीस प्रतिशत तक । एक हजार रुपये अगर सैंक्शन किए जाते हैं तो किसान को मुश्किल से छः सात सौ रुपये ही मिलते हैं । किसी तरह से वह समय पर अदा नहीं कर पाता है तो बहुत ही बेरहमी के साथ उसके साथ सलूक किया जाता है, उसके घर के बरतन, उसकी पत्नी के जेवरात आदि बेच कर भी उससे पैसा वसूल कर लिया जाता है । यह जो तरीका है बैंकों से ऋण लेने का इसको सुधारा जाना चाहिए ताकि किसानों को, काश्तकारों को ज्यादा फ़ील न हो ।

उर्वरकों की बात कही गई है । दिन प्रति दिन खेती में लागत बढ़ती चली जा रही है । किसान अपनी फ़सल ले कर जब मार्किट में आता है तो अपनी फ़सल का उसको उतना फ़ायदा नहीं मिल पाता जितना मिलना चाहिए । मैं इसी फ़सल की बात करना चाहता हूं । आलू और गन्ने की जितनी मिट्टी खराब हो रही है और हुई है, उससे सब लोग अच्छी तरह से वाकिफ़ हैं । मैं भी एक छोटा सा काश्तकार हूं । मैं कहे बगैर नहीं रह सकता हू कि आलू की पैदावार करने में जितनी लागत लगी है, उससे प्राफ़िट कमाने की बात तो दूर रही जितनी लागत भी लगी है उसका आधार पैसा भी किसान को प्राप्त नहीं हो पाया है । आलू आठ नौ और दस रुपये मन में बिका है जब कि लागत उसकी उससे चौगुनी और पांच गुनी लगी है । मैं चाहता हूं कि—फ़र्टिलाइजर की कीमत आप कम करें । सही वक्त पर उसको ऋण मुहैया करें । इतनी परेशानियों के बावजू, इतनी मेहनत के बावजूद, इतने शोषण के बावजूद, किसान एक कठोर कर्मा इंसान है, किसान से अधिक मेहनत कोई नहीं करता है उससे ज्यादा मुशक्क्त कोई नहीं करता है । लेकिन अफ़सोस की बात है कि इस देश में जो सब से ज्यादा मेहनत करता है, सबसे ज्यादा कटोर कर्मा है, सब से ज्यादा परिश्रम करता है वही सब से ज्यादा दुखी है और जो कुछ भी नहीं करता है—

सभापति महोदय : अब आप समाप्त करें ।.

श्री चन्द्रपाल शैलानी : मैं ने तो अभी शुरू ही किया है । और माननीय सदस्य आध आध घंटा बोले हैं ।

सभापति महोदय : मेरा निवेदन सुन लें । यह आपके लिए ही नहीं है सब के लिए है । जो अन्य माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं, उनके लिए भी है । मैं आया अभी । जो लिस्ट डिप्टी स्पीकर मुझे दे गये उसके अनुसार आपके अतिरिक्त 8 सदस्य और बोलने वाले हैं और मंत्री जी 3 बजे जवाब देना चाहते हैं । इसलिए 10 मिनट से ज्यादा पासिबिल नहीं है, और 10 मिनट आप के हो गये । जब तक आप लोग सहयोग प्रदान नहीं करेंगे तब तक मैं क्या कर सकता हूं । आप मेरी लाचारी समझ लीजिए । यह नहीं कि मैं कंजूस हूं, अधिक से अधिक उदार होने की चेष्टा करता हूं । अतः आप सहयोग प्रदान करें ।

श्री चन्द्रपाल शैलानी : इसी सदन के सदस्य आधा घंटा बोले हैं, मुझे तो अभी 6 मिनट ही हुए हैं । फिर भी जल्दी ही अपनी बात समाप्त करता हूं ।

किसानों के सामने सिंचाई की प्रौबलम है । वैसे नहरों और बम्बों का बहुत बड़ा अभाव है, लेकिन सरकार चाहती है कि किसान का उद्धार हो इसलिए जगह जगह ट्यूब वैल लगाये जा रहे हैं, उनको सरकारी सहायता भी इसके लिए मिल रही है । लेकिन किसानों को समय पर

[श्री चन्द्रपाल शैलानी]

बिजली नहीं मिलती, जब कि उद्योग-धंधों को बिजली मिलती है। इस साल गन्ने और आलू का रेकार्ड तोड़ उत्पादन हुआ है। विदेशों में किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए उसकी फसल को सरकार खरीद लेती है भले ही चाहे उत्पादन को समुद्र में डुबाना पड़, जलाना पड़ या कुछ भी करे, लेकिन किसान को उसके उत्पादन का पूरा मूल्य मिल जाता है। इससे उसका उत्साह बढ़ता है। लेकिन यहां पर किसान कर्ज ले कर खेती में लगाता है और जब पूरा मूल्य उसको नहीं मिलता तो उसको हिम्मत टूटती है। लेकिन इसके बाद भी हमारे देश को पैदावार बढ़ रही है।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र में एक स्थान हसायन है जहां दुनिया का सबसे उम्दा किस्म का गुलाब पैदा होता है। वह गुलाब नहीं जो बड़े बड़े आदमियों की कोठियों को शोभा बढ़ाता है, बल्कि ऐसा गुलाब है जो देखने में तो अच्छा नहीं होता, लेकिन उससे उच्च कोटि का सेंट, रूह, गुलकंद और गुलाब जल बनता है। हमारे यहां कन्नौज के व्यापारी आते हैं और कौड़ियां के मोल में उसको खरीद ले जाते हैं। इसलिए हसायन क्षेत्र में सरकार कोई ऐसा रिसर्च सेण्टर या कारखाना खोले जिससे बढ़िया से बढ़िया किस्म का इन रूह आदि पैदा हो सके। अभी तो वहां के लोग घरेलू उद्योग धंधो के आधार पर इन चीज़ों को बनाते हैं। अगर फैक्ट्री लग जाय तो करोड़ों रु० की विदेशी मुद्रा मिल सकती है।

ग्रामीण बैंकों को व्यापक बनाया जाय, यह एक बहुत बड़ी योजना है जिससे किसानों को लाभ हो सकता है। ग्रामीण विकास की बात जब आती है तो कहना पड़ता है कि हमारा देश ही एक ऐसा देश है जहां पर गांव के पढ़े लिखे नौजवान गांव छोड़कर शहर की तरफ भागते हैं। जब कि विदेशों में लोग शहर में रहना पसन्द नहीं करते हैं, बल्कि गांव में रहना पसन्द करते हैं। इसके भी कुछ कारण हैं, और वह यह कि ग्रामीण विकास को तरफ हमारा ध्यान बहुत कम गया है। उन्हे साज-सज्जित रखने के लिए मैं चन्द सुझाव देना चाहता हू। मैं हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों का शुक्रगुजार हूं कि वहां पर हर गांव में बिजली और पानी को व्यवस्था कर दी गई है, लेकिन हमारा देश बहुत विशाल है, यहां ऐसे बहुत से गांव हैं जहां कि अभी भी बिजली नहीं है। मेरा निवेदन है कि हर गांव में बिजली पहुंचाई जाये, गांव को सड़क से जोड़ा जाये, चिकित्सा के लिए अस्पताल खोले जाये, लघु-उद्योग धन्धे खोले जाये, शुद्ध जल और चिकित्सा की व्यवस्था की जाये और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे देश में जातीय और साम्प्रदायिक सद्भावना के लिए प्रयास किये जायें जिससे यहां पर जो जातीय व साम्प्रदायिक दंगे होते हैं, वह न हों और देश में सुरक्षा की भावना पैदा हो। समाज के कमजोर लोगों की सुरक्षा की भी व्यवस्था की जाये।

इन सारी चीजों को व्यवस्था कर दी जाये तो मुझे इसमें कोई सन्देह नहीं है कि यह देश संसार में सबसे आगे की श्रणी में आ जायेगा और खुशहाल होगा और यह देश महात्मा गांधी के सपनों का देश होगा। यहां हर तरह से खुशहाली, वैभव हो सकेगा और हर आदमी सुख व चैन से रहेगा।

इन शब्दों के साथ आपने जो मुझे समय दिया, उसके लिए धन्यवाद करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री दौलत राम सारण (चुरू): सभापति जी, सबसे विस्तृत मंत्रालय की मांगों से सम्बन्धित मदों पर सबसे कम समय में बोलना पड़ रहा है।

कृषि हमारे देश का आधार है, 80 प्रतिशत जनता कृषि पर निर्भर है और यहां की सारी अर्थ-व्यवस्था भी कृषि पर आधारित है। इस कृषि की जितनी महत्ता और आवश्यकता यहां पर है, उतनी ही घोर उपेक्षा इसकी हुई है ।

प्रथम पंचवर्षीय योजना में केवल 37 प्रतिशत कृषि क्षेत्र के लिये प्रावधान किया गया था उसके बाद निरन्तर सब योजनाओं में उसका प्रावधान कम होता गया और बड़े उद्योगों में प्रावधान बढ़ता गया। जिन बड़े उद्योगों द्वारा केवल 4 प्रतिशत लोगों को रोजगार मिलता है, उन पर अधिक पैसा लगाया गया और जिस कृषि द्वारा 73 प्रतिशत लोगो को सीधा रोजगार मिलता है, उस पर बहुत थोड़ा पैसा रखा गया। इस कृषि-निवेश में कंजूसी के परिणामस्वरूप यह प्रभाव आया कि खाद्यान्न का भयंकर अभाव हुआ और 73 प्रतिशत कृषि कार्य में लगे हुए लोगों को 4 प्रतिशत खेती में लगे हुए लोगों के देश से अनाज मंगाकर खाना पड़ा। इसका परिणाम यह है कि सरकार गलत नीति पर आ रही है और अभी पिछले वर्ष में भी लाखों टन अनाज बाहर से मंगाया गया है। कृषि पैदावार कई रूप में बाहर से मंगाई जा रही है ।

हमारे यहां दालों और तिलहनों का उत्पादन गिर रहा है। हमारी आबादी बढ़ने के अनुपात में हमारा कृषि उत्पादन नहीं बढ़ रहा है। हमारे एक भाई ने आंकड़े दे कर बताया था, मैं उसमें न जा कर यह कहना चाहता हूं कि दालें, दूध और अनाज प्रति व्यक्ति घटा है। कपड़ा प्रति व्यक्ति घटा है। एक तरफ यह कहा जाता है कि हम आत्म-निर्भर होने जा रहे हैं और दूसरी तरफ हमारे यहां अभाव बढ़ता जा रहा है। इसका एक मात्र कारण यह है कि खेती की तरफ कम निवेश किया है, कम ध्यान दिया गया है।

आज 35 वर्ष के बाद भी हमारे देश में केवल 30 प्रतिशत भूमि में पानी पहुंचाया गया है, 70 प्रतिशत भूमि आज भी असिंचित है, इस तरह इस ओर घोर उपेक्षा हो रही है। इस क्षेत्र में बहुत थोड़ा पैसा ऋण के लिये दिया जाता है ?

ज्यादातर शार्ट टर्म पर ऋण दिया जाता है। लम्बी अवधि के ऋण बहुत कम दिये जाते हैं। इसके अतिरिक्त सहकारिता संस्थाओं को ऋण दिया जाता है। है। अगर वसूली रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित अनुपात में नहीं होती है, तो सारे किसानों को ऋण देना बन्द कर दिया जाता है। राजस्थान के जयपुर जिले में, जो कि सब से बड़ा जिला है, जहां बीस लाख लोग रहते हैं, इस प्रकार से ऋण रोक दिया गया है। वहां किसानों को ऋण नही मिल रहा है; क्योंकि भूमि विकास बैंक की वसूली रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित आधार के मुताबिक नहीं है। इसकी तुलना में औद्योगिक क्षेत्र में व्यक्तिगत रूप से ऋण देने पर कोई रोक टोक नहीं है। कृषि क्षेत्र में बकाया ऋण औद्योगिक क्षेत्र के ऋण से कहीं कम है।

खेती के क्षेत्र में ऋण सुविधायें बहुत कम हैं, इसलिये किसान अपनी खेती की पैदावार बढ़ाने में असमर्थ है। सिंचाई के क्षेत्र को बढ़ाने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नदियां का पानी बह कर बाढ़ के रूप में अरबों रुपये की हानि करता है। उसको खेतों तक पहुंचाने के लिये बड़ी-बड़ी योजनायें नहीं बनाई गई है। ऐसी बहुत सी योजनायें अन्तर्राज्यीय झगड़ों में उलझी पड़ी हुई हैं। नदियों का पानी बह कर नष्ट हो रहा है, लेकिन खेतों को नहीं मिल रहा है। यह सरकार खेती की तरफ बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है।

इस देश में जब तक आम आदमी की क्रय शक्ति नही बढ़ेगी, तब तक इस देश की माली हालत नहीं सुधर सकती, और आम

[श्री दौलत राम सारण]

आदमी की क्रय शक्ति को बढ़ाने का एकमात्र उपाय खेती की पैदावार को बढ़ाना है । खेती की पैदावार बढ़ने से 80 प्रतिशत लोगों की क्रय-शक्ति बढ़ेगी, जिससे देश का उद्योग, व्यापार और यातायात पनपेगा और उससे खेती पर से भार कम होगा, दूसरे धंधों में ज्यादा लोग लगेंगे और हमारी आर्थिक प्रगति की रफ्तार तेज होगी । लेकिन सरकार की समझ में वह बात नहीं आती, जिसको गांधी जी ने बहुत विस्तार से समझाया था ।

आज गलत आर्थिक नीतियों के कारण खेती की उपेक्षा की जा रही है और बड़े उद्योगों पर धन बर्बाद किया जा रहा है । दिल्ली में केवल दस होटलों पर 400 करोड़ रुपये व्यय किये जा रहे हैं, लेकिन राजस्थान कैनाल, सीधमुख नहर, जमना नहर और नर्बदा से पानी देने की व्यवस्था करने के लिये इस सरकार के पास पैसा नहीं है । गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिये इस सरकार के पास पैसे नहीं हैं, लेकिन एशियाड पर 1,000 करोड़ रुपये बर्बाद करने के लिये हैं ।

इस सरकार की गलत नीतियों के कारण, ठीक प्राथमिकतायें तय न करने के कारण आज देश के आम आदमी को पोष्ठिक आहार नहीं मिल रहा है । केवल खेती और खेती से संबंधित धंधे ही आम आदमी को पौष्टिक आहार दे सकते हैं । लेकिन आज न अनाज, न दालें और तिलहन न फल सब्जी और न दूध और दूध से बनने वाले पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं । हमारे देश के अधिकांश लोग पौष्टिक आहार से वंचित है । हमारे यहां 38 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवन बिता रहे हैं और वे दोनों समय खाना भी नहीं जुटा सकते ।

खेती की उपेक्षा का सीधा अर्थ है देश की उपेक्षा, देश की अर्थ-व्यवस्था को गलत दिशा देना, आम आदमी की माली हालत को सुधारने से इंकार करना और उसको दर-दर की ठोकरें खाने के लिये छोड़ देना । इस लिये सरकार चलाने वालों से मेरा निवेदन है कि वे खेती की ओर ध्यान दें और खेतों में पानी पहुंचाये और खेती की उपज की बिक्री के लिये बाजार को नियंत्रित करें । आज हालत यह है कि जब फसल आती है, तो भाव एक दम गिरा दिये जाते हैं और जब किसान की फसल बिक जाती है, तो भाव आस्मान को छूने लगते हैं । किसान को हर फसल में खरीद और बिक्री में 200 रुपये प्रति क्विंटल का घाटा होता है । इस तरह की लूट बाजार और मंडियों में चल रही है । किसानों की इस भंयकर शोषण को रोकने की जरूरत है ।

आज हमारे देश में खेती और गैर-खेती के मामले में बड़ा भेदभाव है । गैर-खेती क्षेत्र में, खास तौर से औद्योगिक क्षेत्र में, ऋणों के संबंध में बड़ी उदारता है, बड़ी सुविधा है । लेकिन खेती के क्षेत्र में ऐसा नहीं है । खेती में ऋण अगर बाकी रह जाता है तो तुरन्त सख्ती के साथ कुड़की होती है उसकी जमीन नीलाम कर दी जाती है लेकिन उधर 2 हजार करोड़ से अधिक रुपया औद्योगिक क्षेत्र में बकाया पड़ा है, उस पर कोई कार्यवाही नहीं, क्योंकि वह तो सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में चले जाते हैं । लेकिन ये गरीब किसान किसी कोर्ट में नहीं जा सकते हैं । वे तो माई बाप कह कर केवल आह भर कर रह जाते हैं । यह हालत खेती करने वाले लोगों की है । खेती की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है ।

समय के अभाव के कारण मैं आकड़ों सहित अपनी बात कहने में असमर्थ हूं ।

परन्तु इतना ही कह देना चाहता हूं कि खेती बढ़ायेंगे तो यातायात, व्यापार उद्योग और रोजगार सभी कुछ बढ़ेगा और पौष्टिक आहार उपलब्ध होगा । आज खेती के संबंध में अनुसंधान और खोज के जो काम किये जा रहे हैं वह सारी खेती के दृष्टि-कोण से नहीं है । केवल 30 प्रतिशत सिंचित भूमि के क्षेत्र में ये अनुसंधान और खोज के कार्य चल रहे हैं । बाकी 70 प्रतिशत भूमि के लिये अनुसंधान का कार्य नहीं के बराबर हैं । इस तरफ भी समग्र विकास की तरफ ध्यान देना चाहिये । मुझे खुशी है कि कुछ प्रयास इस तरफ होने लगा है लेकिन सूखी खेती के क्षेत्र में अभी और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है । वह ध्यान नहीं दिया जा रहा है । फिर हमारे अनु-संधान और रिसर्च का खेतों के साथ ताल मेल नहीं बैठाया गया है । वह अभी तक केवल बड़ी-बड़ी जगहों में ही सीमित है । या तो आपके विश्वविद्यालयों में या अनु-संधान संस्थाओं में यह काम चल रहा है । अभी आज ही प्रश्न के घंटे में पहला ही प्रश्न वन-अनुसंधान के संबंध में था । वनों में पेड़ नहीं हैं और एक तरफ पिसीकल्चर और पेड़ों की खोज पर रुपया खर्च हो रहा है । लेकिन खोज गांवों तक और जंगलों तक पहुंचायी नहीं जा रही है। बहुत से अच्छे बीज और अच्छे पौधों की खोज की गई है लेकिन उसका किसान तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है । तो खेती और अनुसंधान दोनों का तालमेल बैठाने की जरूरत है ।

भूमि का कटाव चाहे पानी से हो चाहे हवा से हो, उसको रोकने की आवश्यकता है । उस पर बहुत कम ध्यान दिया जा रहा है । ऊसर भूमि को उपजाऊ बनाने के लिये बहुत कम प्रयास किये गये हैं । उसमें भी आप के प्रसास करने की आवश्यकता है ।

इस प्रकार इस सरकार ने कोई संतुलित कृषि विकास का प्रयास नहीं किया है । संतुलित कृषि विकास नहीं करने के कारण.....(व्यवधान).... व्यास जी, उसी के कारण पेट पर ज्यादा जोर पैदा हो गया है, किसी के दांत गिर गए हैं, पौषिष्ट आहार की कमी के कारण यह सब हो रहा है । उसके लिए व्यास जी अपनी सरकार को कहें कि संतुलित विकास की व्यवस्था करे ।

कृषि के उत्तपादन की जितनी क्षमता है, क्षमता के अनुपात में उत्पादन नहीं है । तो क्षमता के अनुरूप उत्पादन हो सके इसके लिए ज्यादा साधन-सुविधा प्रदान करने की जरूरत है । पानी की व्यवस्था की जाए । क्षण: को और क्रय-विक्रय की व्यवस्था की जाय । इसके साथ-साथ अनुसन्धान और इन सारी चीजों का ताल-मेल खेती के साथ बैठाने की जरूरत है और फ़िर कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए इन बुनियादी आधारों की उपेक्षा न कर के अगर व्यवस्था करेंगे तो यह संतुलित नियोजन हो सकेगा ।

केवल अनाज बढ़ाने की तरफ ही ध्यान नहीं देना है, उसके अलावा भोजन के लिए दूसरे आवश्यक पदार्थों के उत्पादन को बढ़ाने की तरफ भी ध्यान देने की आवश्यकता है । एक समय एकदम एक चीज बाजार में ज्यादा आ जाती है, एक चीज का उत्पादन बढ़ जाता है, एक गायब हो जाती है । दूसरे वर्ष दूसरी चीज गायब हो जाती है । पहले चीनी गायब हो गई, फिर गेहूं की बहार हो गई, फिर चावल गायब हो गया, अगली बार गेहूं गायब हो गया । इस तरहसे हमजब अभाव होता है तब उसके लिए हाथ पांव मारते हैं । पहले से आवश्यकता के अनुरुप सुनियोजित ढंग पर नियोजन नहीं करते हैं । कितनी आवश्यकता होगी उसको देख कर उसके अनुरुप नियोजन नहीं करते हैं और जब अभाव हो जाता है तब कहते हैं कि जनसंख्या बढ़ गयी । (व्यवधान) इस प्रकार से आज असंतुलित नियोजन और असंतुलित कार्यक्रम चल

[श्री दौलत राम सारण]

रहे हैं । न तो सरकार के पास कोई कृषि नीति है और न ही कोई भूमि नीति है । भूमि-सुधार की बात कह कर ये भूमि को बिगाड़ने में लगे हुए हैं । भूमि टूकड़ों में बटती जा रही है । दूसरी ओर जो वास्तविक कास्तकार हैं उनको बेदखल किया जा रहा है । और जो काश्तकार नहीं हैं, जो गैर-पेशा हैं वे फार्मों के मालिक बनते जा रहे हैं । जिनके बाप-दादाओं ने कभी खेती नहीं की, वे आज फार्मी के मालिक हैं । इन्दिरा जी फार्म की मालिक हैं । जिनके बाप-दादाओं ने अपना खून-पसीना बहा-कर हमेशा खेती की वे आज खेत से बेदखल किए जा रहे हैं । वे लोग आज भूमिहीन मजदूर बनते जा रहे हैं । दूसरी ओर सरकार ने सीलिंग का एलान किया लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है । शहरों में सम्पत्ति पर कोई भी सीलिंग नहीं है । अरबों रुपए के कारखाने लगाए जा रहे हैं और वह भी सरकार के पैसे से । उनको व्याज में छूट तथा तमाम अन्य प्रकार के कन्सेशन्स दिए जा रहे हैं । उनके द्वारा कमाए गए मुजाफे पर भी कोई कन्ट्रोल नहीं है । एक बेचारा किसान ही है जिसको कोई भी संरक्षण नहीं है । किसान को लूट से बचाने के लिए तथा व्याज और ऋण में उसको राहत देने के लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है । चूंकि सरकार की कोई सही और संतुलित कृषिनीति नहीं है इसीलिये कृषि क्षेत्र में असंतोष है और अभाव है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि सही ढंग से सही कृषि नीतियों को अप-नाया जाए ताकि खेती करने वाले पनप सकें और उनकी लूट बन्द हो, उनका शोषण बन्द हो तथा बिचौलियों से उनकी रक्षा हो सके । साथ ही साथ किसान को उसकी पैदावार की पूरी कीमत भी दी जाए । समर्थन और समता मूल्यों में संगति बैठाई जाए । आज औद्योगिक क्षेत्रों में मूल्य बढ़ते जा रहे हैं लेकिन कृषि क्षेत्र में किसान की पैदावार के दाम उस अनुपात में नहीं बढ़ रहे हैं । मैं सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि वह समता मूल्यों की तरफ ध्यान दे और समथन मूल्य भी उसी हिसाब से निश्चित करे ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ।

SHRI G. NARSIMHA REDDY (Adilabad): Mr. Chairman, Sir, many of our colleagues have spoken sufficiently in detail on all the subjects of the Ministry of Agriculture. I would like to speak only on Forestry, a part of this Ministry. Since the last few years in our country many scientists and planners and even common people have started realising that the forests are gradually vanishing in our country and it is very necessary to take immediate steps to protect the forests and grow more. For this, I would like to congratulate all those scientists, planners and common people who have rightly drawn the attention of the Government and the people of this country regarding the immediate requirement of protecting the forests. I also thank the Press for sufficiently bringing out this problem and focussing attention.

MR. CHAIRMAN: Why do you not thank the Minister concerned?

SHRI G. NARASIMHA REDDY: That I will do after he takes action. So far action has not been taken. That is my plea. As the time is short, I will be quick, as many people are eargerly waiting to speak.

This subject I would like to deal in four points:

1. What was the situation of forests regarding the area, etc., about a few years back?

2. What is the present situation of forests?

3. Why has this situation come about? What are its reasons and who are responsible for this?

4. Lastly, what measures are to be taken immediately to save the forest and ecological balance.

Now, I will elaborate the first point. First, I would quote certain statistics from 'Indian Forests 1980' regarding the situation prevalent as on 1976:

The total area of forests is 74.74 million hectares, which is 22.7 per cent of our total land. This is divided into different parts i.e., reserved forest, which is 38.97 million hectares and which forms 52.1 per cent of the total reserved area for the forests. The second is protected forests, which is 23.19 mililon hectares. It comes to 31.0 per cent. The third is unclassed—not classified—which is 12.58 million hectares. It comes to 16.9 per cent.

The second one would be agriculture. The total cultivable land is 154 million hectares, which comes to 47.0 per cent. The other cultivated land is 43.1 million hectares, which comes to 13.1 per cent. Land under non-agriculture use is 17.2 million hectares, which comes to 5.3 per cent. Barren and uncultivable land is 39.1 million hectares, which comes to 11.9 per cent.

As per these statistics, per capita forest area works out to 0.11 hectares, which is extremely low, almost lowest in the world. If we compare with world figures, our forest area constitutes 1.85 per cent of the world forest area, whereas our population is 15.64 per cent of the world population.

It was suggested in our National Forest Policy some time back that 33.33 per cent of the entire area in the country should be covered with forests.

Now, I come to the present situation of the forests. During the last three decades, instead of increasing the forest area which was 22.7 per cent and which ought to have increased to 33.33 per cent, due to increase in population and pressure on land and increase in demand of forest produce from the industry-side, gradually the State Governments have started felling forests indiscriminately I would use that word because ultimately, what has happened is this. Within a short span, almost 4.3 million hectares of our forest area, which was supposed to be reserved for forests, was converted into use for non-forest purposes. It was at this juncture that our hon. Prime Minister has recognised the importance of forests and foreseen the danger of the land reserved for forests being converted into other use. That is why, last year, an ordinance was issued, an Act was passed later, called Forest Conservation Act, 1980, prohibiting use of the land, which was reserved for the forest area, for any other purpose than forests.

The most alarming situation today is that our Forest Department have failed miserably to tell the Government and the Nation how much forests they have. They are only quoting geographical statistics saying that we have reserved this much of land for forests. We are not only interested in knowing how much land you have reserved for forests but also how much forests you have in this country.

Here I would like to point out that I could not get information from anywhere, even from the Parliament Library, about the total area covered by forests in this country, either today, last year or three years back. I come from a district, which was supposed to have 40 per cent of forests. Of course, at present we do not have that much. From my little experience of Maharashtra, Madhya Pradesh and Andhra Pradesh, which comprises 50 per cent of the total area reserved for forests, I can say that we do not have any forests in this area. Our villagers, our industrialists and all other people have used them and now we do not have any forests.

Apart from that, even in the reserved forests, I am sure that a minimum of 10 to 15 per cent we have used up. So, if we statistically work out, the

[Shri G Narasimha Reddy]

areas covered by forests in the country would not be more than 9 to 10 per cent, I would be sorry to say. While our national policy says that we must have 33-1/3 per cent of the total area under forests, day by day the situatin is deteriorating from bad to worse.

At this point, I would like to say that the area which was reserved for forest purposes was 44.84 million hectares and 77.4 million hectares without forests. For many years even the area which is reserved for forests is not being put to any use. not even for agriculture. What is the result? Since we have to much of rains, if the land is not used, erosion takes place. So, gradually we have come to a situation where out of 44.84 million hectares most of the land has become barren and uncultivable. Already 11.1 per cent of the land is barren. So, in my opinion, according to a rough estimate, about 24 per cent of our geographical area declared as forest is barren and unfit for any use. Therefore, apart from losing forests, we are losing 24 per cent of our geographical area, which we are not able to use. This is a very alarming situation, to which Government should wake up.

Why has the situation come to such a pass? What are the reasons? Who are responsible for it? In the 19th century, when people realised the utility of the forests, for furniture and other purposes, they started felling trees. Government have realised the importance and the danger of their becoming extinct, if they are not reserved. In 1865 they took the initiative passed the first Indian Forest Act to control the indiscriminate feelíng. It was not having the desired effect of controlling it. So, in 1894 they passed the National Forest Policy which emphasized demarcation, reservation and conservation of forests. Yet, the area under forests was getting depleted rapidly. Therefore, n 1952, when our party came to power, we emphasized on environmental protection as the function of forestry and suggested 33-1/3 per cent of the areas under forests I would like you to make a note of this. Here, they say that 33.33 per cent of the country should be retained under forest cover. By quoting all this, I would only like to draw your kind attention to the fact that in 1865, i.e. 117 years back, the people at that time and the then Government also, realised the importance of the danger. Now, in 1982 what has happened? The whole forest is almost finished. We have landed in that dangerous situation today. In support of this....

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI G. NARASIMHA REDDY: Sir let me take five minutes. I am not going to speak on any political things.

MR. CHAIRMAN: According to your own submission you have to make one more point. So, come to the point and finish it.

SHRI G. NARASIMHA REDDY: What are the main reasons? I would say, the main reason of failure of all the previous governments is that forests were traditionally looked upon by all the previous governments as a source of revenue rather than as a sector needing investment. All these years the State Governments have exploited the forests indiscriminately only for earning revenue. I would like to prove what I am saying.

As per NCA Report, para IX, 1976, they have given the estimated requirement of the industrial wood and fuel wood. That is, in 1980 they wanted 210.9 million cubic metres while they exploited much more. In 1985 their requirement is 237.1 million cb. metres and in 2000 they need 289.5 million cb. metres. This clearly indicates that the area of the forests is coming down much more. As I said, the Government is using the forests for earning revenue and they are not making any substanthial investments on them. I would like to quote certain statistics to prove this.

MR. CHAIRMAN: You may conclude now. You have taken more time.

SHRI G. NARASIMHA REDDDY: Our hon. Minister will agree....

MR. CHAIRMAN: There are so many speakers.

SHRI G. NARSIMHA REDDY: You allow me to speak. Within the time you interrupted I would have finished.

MR. CHAIRMAN: I have allowed you more than sufficient time.

SHRI G. NARSIMHA REDDY: I would have made one point by this time.

MR. CHAIRMAN: Do you know how much time you have consumed?

SHRI G. NARSIMHA REDDY: I have taken 10 minutes.

MR. CHAIRMAN: No, you began at 2.26 p m.

SHRI G. NARSIMHA REDDY: Sir, from 1971 onwards our Government have been exporting timber and from 1971 to 1977, for six years, you will be surprised to know that we have exported timber worth Rs. 3309.2 million. There is no necessity of exporting. So, this only proves that our Government is using the forests for revenue purposes.

Another point is that in all the Five-year Plans put together we have invested only Rs. 3,400 million, which is almost equal to our earnings from export. For example, the total revenue from forests in 1976 was Rs. 3,444.75 million while the normal expenditure was Rs. 1,446.09 million and the net revenue was Rs. 1998.66 million. In that year the Government has invested in the developmental and plan activities Rs. 443.28 million, that is, not more than 20 per cent of the revenue.

I am of the opinion that we have the right to use timber for all purposes, but morally we are bound because the previous generations have handed over the forests to us and it is the moral duty of the Government and people to see that a minimum of 33.3 per cent of the forests is also handed over to the future generations.

So, Sir.....

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI G. NARSIMHA REDDY: No, I am not going to sit. I am going to make points unless you throw me out.

MR. CHAIRMAN: What is this.

SHRI G. NARSIMHA REDDY: It is very important.

MR. CHAIRMAN: It is too much. I have requested you time and again. Is it proper that you say 'I am not going to sit'?

SHRI G. NARSIMHA REDDY: If you order me I will have to sit.

MR. CHAIRMAN: A senior Member like you should not say like this.

SHRI G. NARSIMHA REDDY: All right. I withdraw it. Please allow me. With folded hands....

MR. CHAIRMAN: Kindly finished. Do not speak like that.

SHRI G. NARSIMHA REDDY: If you stand, I will sit down. Please....

MR. CHAIRMAN: Please co-operate.

SHRI G. NARSIMHA REDDY: At least in the interest of forest you allow me to speak.

MR. CHAIRMAN: I am very much interested in forest.

SHRI G. NARSIMHA REDDY: There is a question, who is responsible for destruction? I would like to say that this is a controvercial point. People have been saying that the villagers who are staying in the area are responsible for destruction of the forest. Here I would like to state to the House and the people that it is not....

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI G. NARSIMHA REDDY: If you stand, I will have to sit down.

MR. CHAIRMAN: Nobody can check you. Time and again I have requested you to finish.

SHRI G. NARSIMHA REDDY: I will conclude. With your permission I will conclude.

I would only say the villagers who stay in the forest area, they change the forest area because they use firewood and construct huts. More than that it is not they who are responsible for destruction of the forest. As I have already said—the planning was

[Shri G. Narsimha Reddy]

wrong. The State Governments are responsible.

The following steps should be taken immediately:

1. We should stop exporting the timber.

2. For the wood-based industries which require more than 15 million cu. metre, it must be made compulsory for all big and large scale industries in this country to grow their own timber, their own raw material for which Government should allot land.

Here some of the Forest Officers feel, it is only they who can run the show. It is not so. The main issue is how to replace the productivity which is .2 cu. metre per hectare and de-forested area, with various growing plants at a rate which will keep pace with rising demands of the industrial wood, fuel wood and other timber requirements.

3. How to protect the remaining forest from indiscriminate destruction by the State Government and others and how to preserve the environment.

